द्वारा किया जाना चाहिए। ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार के लिये निजी दूरदर्शन चैनलों का भी यथासम्भव सहयोग लिया जा सकता है।

(ठ) जहाँ कहीं फ्लाइंग क्लब स्थित हों वहाँ उन्हें झण्डा दिवस निधि के सहायतार्थ हवाई जहाज का सर्कस करने का अनुरोध करना चाहिए।

(ड) घुड़दौड़ क्लबों, खेलकूद संगठनों इत्यादि से निधि के सहायतार्थ विशेष कार्यक्रम करने का अनुरोध किया जाय।

(ढ) होटलों, जलपान गृहों इत्यादि के प्रबन्धकों को निधि के सहायतार्थ अथवा आँशिक रूप से सहायता देने के लिए विशेष द्वारा मनोरंजन करने के अनुदेश दिये जायें।

(त) वर्ष के दौरान झण्डा दिवस के सहायतार्थ चन्दा इकठ्ठा करने के लिए चैरिटी शो तथा दूसरे प्रकार के मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिए।

(थ) झण्डा दिवस मनाये जाने के एक सप्ताह पहले इसके प्रारम्भ होने का प्रचार करने के लिए चलचित्र प्रदर्शित किये जाये।

(द) जहाँ सशस्त्र सेनाओं के महत्वपूर्ण अधिष्ठान स्थित हों, वहाँ उनसे सम्पर्क किया जाय तथा नेशनल कैडेट कोर की सेवाओं का भी उपयोग किया जाय। स्थानीय सैनिक कमाण्डरों के सक्रिय सहयोग से धन संग्रह की व्यवस्था की जाय धन संग्रह अभियान को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के स्तर से उपयुक्त अनुदेश दे दिए गए हैं।

(ध) धन संग्रह में गड़बड़ी तथा अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा झण्डे के वितरण को रोकने के लिए प्रभावी उपाय किये जाने चाहिए। अप्रयुक्त प्रतीक झण्डा स्टिकर्स एवं मोटर गाड़ियों के झण्डा स्टीकर्स को अगले वर्ष के प्रयोग हेतु रखा जायेगा।